वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में 74वां गणतंत्र दिवस बढे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् के महानिदेशक श्री अरूण सिंह रावत जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। डा0 रेनू सिंह, निदेशक, वन अनुसंधान संस्थान जी ने सभी उपस्थित लोगों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए भारतीय गणतंत्र का संकल्प दिलवाया व देश की उन्नति व तरक्की में भरपूर योगदान हेतु अपील की। इस मौके पर वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून द्वारा दिनांक 31 अक्टूबर से 06 नवम्बर, 2022 तक सर्तकता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित निबंध प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार से नवाजा गया।

इस अवसर पर निदेशक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, निदेशक, वन शिक्षा निदेशालय, प्रिंसिपल केन्द्रीय राज्य वन अकादमी, आई0एफ0एस0 प्रोबेशनर्स एवं केन्द्रीय राज्य वन अकादमी के प्रशिक्षणार्थी, सचिव, सुप्रीम कोर्ट मॉनीटरिंग कमेटी के अधिकारी एवं कर्मचारीगण, संस्थान व परिषद् के वन अधिकारी, वैज्ञानिक व कर्मचारी उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर संस्थान की मुख्य भवन की इमारत को रात्रिकालीन रोशनी से जगमगाया गया। कार्यक्रम का संचालन डा0 के0 पी0 सिंह, प्रचार एवं सम्पर्क अधिकारी द्वारा किया गया।

FOREST RESEARCH INSTITUTE
DEHRADUN